<u>राजा भोज विमानतल, भोपाल पर आयोजित हिन्दी पखवाड़ा, 2021</u>

<u>उदघाटन एवं शपथ ग्रहण</u>

<u>प्रतियोगिताओं का आयोजन</u>

चित्र अभिव्यक्ति प्रतियोगिता (दिनांक 14/09/21)

हिंदी-अंग्रेज़ी अनुवाद प्रतियोगिता (दिनांक 17/09/21)

प्राथमिक हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता (दिनांक 22/09/21)

हिन्दी पखवाड़ा समापन समारोह

<u>गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार विमानतल के विभिन्न स्थानों पर हिन्दी सूक्तियों का प्रदर्शन</u>



भा.वि.प्रा. मुख्यालय के निर्देशानुसार इस कार्यालय में दिनांक 14 सितम्बर से 30, सितम्बर 2021 तक हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया गया, जिसकी रिपोर्ट निम्नानुसार है:-

दिनांक:14/09/2021 को प्रात: 1100 बजे हिन्दी पखवाड़े का शुभारम्भ श्री के. एल. अग्रवाल, विमानपत्तन निदेशक, भोपाल, श्री अमृत मिंज, संयुक्त महाप्रबंधक (सी.एन.एस.), श्री जगवीर सिंह, संयुक्त महाप्रबंधक (अभि.-सि.), श्री महेश अग्रवाल, उप महाप्रबंधक (ए.टी.सी.), श्री रामजी अवस्थी, सहा. महाप्रबंधक (अभि.-वि.) द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया ।

कोविड-19 नियमों का पालन हुए उक्त समारोह में केवल अनुभाग प्रभारी सम्मिलित हुए । कार्यालय के अन्य अधिकारी व कर्मचारी गण इस समारोह में ऑनलाइन शामिल हुए और हिंदी दिवस के अवसर पर सभी ने राजभाषा प्रतिज्ञा ली। कार्यक्रम के दौरान माननीय गृह मंत्री, माननीय नागर विमानन राज्य मंत्री तथा सचिव, नागर विमानन मंत्रालय तथा क्षेत्रीय कार्यपालक निदेशक, भाविप्रा, प.क्षे., मुम्बई द्वारा जारी अपील व हिंदी दिवस संदेशों का पठन किया गया ।

श्री के. एल. अग्रवाल, विमानपत्तन निदेशक, भोपाल ने अपने उद्बोधन द्वारा सभी का स्वागत किया । उन्होंने हिन्दी दिवस तथा पखवाड़े के उद्घाटन की शुभकामनाऍं देते हुए समस्त भाविप्रा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं में बढ़-चढ़ कर भाग लेने को कहा । उन्होंने बताया कि इस कार्यालय द्वारा हिन्दी भाषा में बहुत अच्छा कार्य किया जा रहा है, जोकि सराहनीय है | उन्होंने कार्यालय के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों से वर्ष भर हिन्दी भाषा में कार्य करने की अपील की |

हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह दिनांक 30 सितंबर, 2021 को शाम 05:00 बजे आयोजित किया गया। कार्यक्रम में श्री हरीश सिंह चौहान, सहायक निदेशक (कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित हुए। कोविड-19 की स्थिति में उक्त समारोह में अनुभाग प्रभारी गण तथा प्रतियोगिताओं के प्रतिभागी गण उपस्थित हुए | कार्यालय के अन्य कार्मिक ऑनलाइन सम्मिलित हुए ।

समापन समारोह में मुख्य अतिथि तथा निदेशक विमानपत्तन द्वारा हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को प्रमाण पत्र वितरित किए । अंत में कर्यालय प्रमुख श्री के. एल. अग्रवाल तथा मुख्य अतिथि महोदय ने हिंदी भाषा का महत्व बताते हुए सभी को हिंदी में कार्य करने के लिए कहा।

हिंदी पखवाड़े के दौरान गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग के निर्देशानुसार विमानतल के विभिन्न स्थानों पर हिन्दी सूक्तियों का प्रदर्शन किया गया |

हिंदी पखवाड़े के दौरान आयोजित सभी प्रतियोगिताओं में कार्यालय के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया । कोविड-19 नियमों का पालन करते हुए सभी प्रतियोगिताएँ सभा कक्ष में (ऑफलाइन) आयोजित करवाई गई थी । उक्त प्रतियोगिताओं के विजेताओं के नाम:-

प्रतियोगिता का नाम	नाम (सर्व श्री)	पदनाम	स्थान
चित्र अभिव्यक्ति प्रतियोगिता	सुभाष कुमार	वरिष्ठ प्रबंधक (मा.सं.)	प्रथम पुरस्कार
	सुनील कुमार सोनी	प्रबन्धक (ए.टी.सी.)	द्वितीय पुरस्कार
	जागृतदास मानिकपुरी	वरिष्ठ अधीक्षक (वर्कशॉप)	तृतीय पुरस्कार
	मृगेंद्र सिंह वर्मा	वरिष्ठ अधीक्षक (मा.सं.)	सांत्वना पुरस्कार
अंग्रेज़ी-हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता	सुनील कुमार सोनी	प्रबंधक (ए.टी.सी.)	प्रथम पुरस्कार
	योगेंद्र रजक	वरि. प्रबंधक (सी.एन.एस.)	द्वितीय पुरस्कार
	आकाश तिवारी	कनिष्ठ कार्यपालक (अग्नि)	तृतीय पुरस्कार
	महेंद्र झारिया	प्रबन्धक (ए.टी.सी.)	सांत्वना पुरस्कार
प्राथमिक हिन्दी ज्ञान प्रतियोगिता	नरेंद्र ढोकणे	वरि. परिचर (अभि.-विद्युत)	प्रथम पुरस्कार
	उमा शंकर सेन	वरि. परिचर (अभि.-विद्युत)	द्वितीय पुरस्कार

सभी प्रतियोगिताओं में कार्यालय से बाहर के निर्णायकों द्वारा ही मूल्यांकन किया गया था, जिनका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र.सं.	प्रतियोगिता	प्रतियोगिता की तिथि	मूल्यांकनकर्ता
1.	चित्र अभिव्यक्ति प्रतियोगिता	14/09/2021	श्री अरविंद कुमार तिवारी, वरिष्ठ प्रबंधक (राजभाषा), भाविप्रा, क्षेत्रीय मुख्यालय, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र, गुवाहाटी
2.	अंग्रेज़ी-हिंदी अनुवाद प्रतियोगिता	17/09/2021	श्री मान सिंह, उप कमांडेंट, के.औ.सु.ब., राजा भोज विमानतल, भोपाल
3.	प्राथमिक हिंदी ज्ञान प्रतियोगिता (समूह घ हेतु)	22/09/2021	श्री लालमणी शुक्ला, उप प्रबंधक (राजभाषा), एन.एच.डी.सी. लिमिटेड, भोपाल

अंत में श्रीमती महिमा सोनी, वरिष्ठ अधीक्षक (रा.भा.) ने हिन्दी पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए मुख्य अतिथि महोदय, कार्यालय प्रमुख, सभी अनुभाग प्रमुखों, सभी प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों, सभी निर्णायकों तथा हिन्दी पखवाड़ा समिति के सभी सदस्यों व सहयोगियों का आभार व्यक्त किया गया । धन्यवाद ज्ञापन के साथ ही कार्यक्रम समाप्त हुआ ।